**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 19 जुलाई 2026, समय 13:05 (5 मिनट)**

हरियाणा के मुख्यमंत्री  नायब सिंह सैनी ने प्रदेश में हरित आवरण बढ़ाने, वन संरक्षण को सुदृढ़ बनाने तथा पौधारोपण अभियान को जनभागीदारी से जोड़ने के निर्देश दिए हैं। कल चंडीगढ़ में वन विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने  आगामी वन महोत्सव की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि पौधारोपण केवल संख्या तक सीमित न रहे, बल्कि लगाए गए प्रत्येक पौधे का संरक्षण और नियमित रखरखाव भी सुनिश्चित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पंचायतों, शहरी स्थानीय निकायों, नगर निगमों, नगर परिषदों तथा अन्य सरकारी परिसरों में पौधारोपण के लिए उपयुक्त स्थानों की पहचान कर व्यापक स्तर पर पौधे लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि लगाए गए सभी पौधों और पेड़ों की जियो-टैगिंग कर उनका पूरा रिकॉर्ड तैयार किया जाए तथा नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। जिन सरकारी कार्यालयों और संस्थानों में पौधारोपण किया जाए, वहां उसके संरक्षण और रखरखाव की जिम्मेदारी भी तय की जाए।

मुख्यमंत्री ने अवैध कटान पर पूरी तरह रोक लगाने और  खैर, साल और शीशम जैसी महत्वपूर्ण प्रजातियों के पेड़ों की जियो-फैंसिंग एवं नंबरिंग कर उनका डिजिटल रिकॉर्ड तैयार करने के निर्देश भी दिए।

**************************************************************

हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने अधिकारियों को शिक्षा सुधारों के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। कल चंडीगढ़ में समग्र शिक्षा योजना

की बैठक में इस संबंध में तैयार कार्ययोजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक आधारभूत सुविधाएं और उद्योगोन्मुखी कौशल उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों से बैठक के साथ जुड़े सभी उपाउकतों को मुख्य सचिव ने अपने-अपने जिलों में 100 फीसदी नामांकन सुनिश्चित करने तथा विद्यार्थियों के सीखने के परिणाम में सुधार लाने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए।

स्कूल शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव विजय सिंह दहिया ने बताया कि वर्तमान में संचालित 15 व्यावसायिक क्षेत्रों के अतिरिक्त विभाग द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस -एआई और फाइनेंशियल टेक्नोलॉजी -फिनटेक जैसे नए पाठ्यक्रम शुरू करने की योजना है। इससे विद्यार्थियों को उभरती प्रौद्योगिकियों का शुरुआती ज्ञान मिलेगा और वे भविष्य में रोजगार अवसरों के लिए बेहतर रूप से तैयार हो सकेंगे।

*************************************************************

श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने भी खराब मौसम के कारण वैष्णो देवी यात्रा को अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया है। मौसम की स्थिति में सुधार के बाद यात्रा फिर शुरू की जाएगी। मौसम विभाग ने जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों में मूसलाधार बारिश की चेतावनी दी है।

*************************************************************

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी- एन.टी.ए. ने विद्यार्थियों और अभिभावकों को ऑप्टिकल अंक प्रमाणन पत्र- ओ.एम.आर. शीट की जांच के लिए केवल असली शीट ही जमा करने का परामर्श दिया है। फर्जी या ए.आई. से बनाई गई ओएमआर शीट देने पर

कानूनी कार्रवाई हो सकती है। इसलिए विद्यार्थियों और अभिभावकों से अपील की गई है कि वे जांच के लिए केवल असली ओएमआर शीट ही जमा करें।

परीक्षा एजेंसी के अनुसार, हाल के दिनों में जांच के लिए भेजी गई कई ओएमआर शीट फर्जी पाई गई थीं। इसलिए अब हर शिकायत और हर ओएमआर शीट की सावधानी से जांच की जा रही है।

***************************************************************

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड -सीबीएसई ने दसवीं कक्षा की दूसरी बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। छात्र अपने नतीजे डिजी लॉकर के रिजल्ट पोर्टल पर देख सकते हैं।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत इस वर्ष पहली बार दसवीं कक्षा के लिए दो बोर्ड परीक्षाएं आयोजित की गईं। मुख्य परीक्षा 17 फरवरी से 11 मार्च तक और दूसरी बोर्ड परीक्षा 15 मई से 21 मई तक हुई थी। बोर्ड के अनुसार, दोनों परीक्षाओं के संयुक्त परिणाम के आधार पर इस वर्ष कुल 96 दशमलव सात-आठ प्रतिशत छात्र सफल रहे हैं।

***************************************************************

पंजाब के राज्यपाल एवं केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने कल पंजाब विश्वविद्यालय की क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित भारतीय व्हीलचेयर संघ की 6वीं व्हीलचेयर क्रिकेट चैंपियनशिप-2026 के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।
राज्यपाल ने कहा कि यह आयोजन केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि साहस, समानता और समावेशन का उत्सव है।उन्होंने कहा कि यह आयोजन विकसित भारत 2047 की भावना को साकार करता है।

श्री कटारिया ने कहा कि व्हीलचेयर क्रिकेट यह सिद्ध करता है कि शारीरिक सीमाएँ कभी भी व्यक्ति की क्षमता को परिभाषित नहीं कर सकतीं। उन्होंने समाज से दिव्यांगजनों के लिए समावेशी अवसंरचना, शिक्षा, खेल और रोजगार सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

इस दो दिवसीय राष्ट्रीय चैंपियनशिप में देशभर से 45 दिव्यांग खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

**************************************************************